**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

-------

# राज्यपाल ने ईदगाह व आसिफी इमामबाड़े जाकर ईद की बधाई दी

लखनऊः 5 जून, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज ईद के अवसर पर ईदगाह और बड़े इमामबाड़े जाकर लोगों को ईद की बधाई दी और ख़ुशियों में शरीक हुये। राज्यपाल ने ऐशबाग ईदगाह जाकर उपस्थित मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई दी तथा उनके सुख-समृद्धि की कामना की।

ऐशबाग ईदगाह में अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने मोहम्मद साहब के कथन को दोहराते हुये कहा कि सच्चा मुसलमान वही है जिसका पड़ोसी चाहे किसी भी धर्म का हो, भूखा न रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम' में विश्वास करती है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव व अन्य धर्मों के धर्मगुरू व अनुयायी भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर ईदगाह में पर्यावरण दिवस की दृष्टि से नीम का पौधा भी रोपा।

इसके उपरान्त राज्यपाल आसिफी मस्जिद गये और मौलाना कल्बे जव्वाद सहित अन्य विशिष्टजनों से भेंट करके उन्हें ईद की बधाई दी।

------

अंजुम/ललित/राजभवन (192/8)





